सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति

राजभवन देहरादून 17 मई, 2024

शुक्रवार को राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से पद्मश्री डॉ. माधुरी बड़थ्वाल ने शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को स्वलिखित पुस्तक गढ़वाल के संस्कार लोकगीत ‘‘मांगल’’ भेंट की। लोक गायिका डॉ. माधुरी बड़थ्वाल लोक संगीत, लोक साहित्य एवं संस्कृति संरक्षण के लिए कार्य कर रही हैं। संस्कृति के संरक्षण एवं इसमें योगदान के लिए उन्हें कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

राज्यपाल ने कहा कि डॉ. माधुरी बड़थ्वाल महिला सशक्तीकरण की प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने डॉ. माधुरी द्वारा लिखित पुस्तक के लिए उनकी सराहना की और कहा कि यह पुस्तक संगीत के छात्रों के लिए बेहद उपयोगी रहेगी। उन्होंने कहा कि यहां का लोक संगीत और संस्कृति हमारी पहचान है और यह हमारी धरोहर है। यह धरोहर लुप्त न हो जाए इसके विशेष प्रयास किए जाने चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि इस पुस्तक के माध्यम से स्थानीय लोकगीत की जानकारी आमजन तक पहुंचेगी।

............0............